**आर0टी0आई0 मामला/स्पीड पोस्ट द्वारा**

फ0 स0 II/21022/23(40)2014-एफ0सी0आर0ए0-III
गृह मंत्रालय
विदेशी प्रभाग
(एफ0सी0आर0ए0 विंग)

प्रथम तल, एन0डी0सी0सी0-II भवन, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली, दिनांक, 8 अगस्त, 2014

सेवा में

श्री उदय प्रताप यादव
सुपुत्र श्री कैलाश यादव,
ग्राम एवं डाकखाना : बधुआ गोदाम,
तहसील : सदर
जिला : मऊ
उत्तर प्रदेश - 275101

विषय : सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत जानकारी प्राप्त करने के लिए आवेदन।

महोदय,

मुझे आपके दिनांक 11/06/2014 के आर0टी0आई0 आवेदन, जो इस अनुभाग में इस मंत्रालय के उप सचिव (ई) एवं सी0पी0आई0ओ0 से उसके दिनांक 07.07.2014 के का0ज्ञा0 के माध्यम से 17.07.2014 को प्राप्त हुआ था, का संदर्भ देने और एफ0सी0आर0ए0 से संबंधित सूचना प्रदान करने का निदेश हुआ है, जो इस प्रकार है:-

बिन्दु सं0 4: यह सूचना इस मंत्रालय की वेबसाइट अर्थात् www.mha.nic.in पर उपलब्ध है।

बिन्दु सं0 7: संस्कृति, आर्थिक, शैक्षणिक, धार्मिक अथवा सामाजिक कार्यक्रम के क्षेत्र में कार्य कर रही एसोसिएशन/एन0जी0ओ0/संगठन/सोसाइटी अथवा धारा 25 वाली कम्पनी अनुदान प्राप्त कर सकती हैं। विस्तृत जानकारी इस मंत्रालय की वेबसाइट अर्थात् www.mha.nic.in पर उपलब्ध है।

बिन्दु सं0 8 से 10: यह सूचना इस मंत्रालय की वेबसाइट अर्थात् www.mha.nic.in पर उपलब्ध है।

बिन्दु सं0 11 से 13: यह अनुभाग इन मुद्दों से संबंधित नहीं है क्योंकि विदेशी प्रभाग का एफ0सी0आर0ए0 विंग जनकल्याण गतिविधियों के लिए विदेशी अभिदाय प्राप्त कर रहे गैर-सरकारी संगठनों को केवल उनके आग्रह पर विदेशी अभिदाय (विनियामक) अधिनियम, 2010 के अन्तर्गत पंजीकरण/पूर्व अनुमति प्रदान करने संबंधी कार्यों को

देखता है। किसी भी एन0जी0ओ0 को एफ0सी0आर0ए0 द्वारा किसी प्रकार की निधि प्रदान नहीं की जाती है।

बिन्दु सं0 14: यह सूचना इस मंत्रालय की वेबसाइट अर्थात् www.mha.nic.in पर उपलब्ध है।

2. यदि आप उपर्युक्त उत्तर से सन्तुष्ट नहीं हैं, तो आप सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 19(1) के अन्तर्गत श्री वी. वुमलुनमॉ, संयुक्त सचिव (विदेशी) एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकारी (एफ0ए0ए0) के समक्ष निम्नलिखित पते पर अपील (प्रथम) कर सकते हैं:

श्री वी. वुमलुनमॉ
संयुक्त सचिव (एफ), गृह मंत्रालय,
भूतल, एन0डी0सी0सी0-।। भवन,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001

भवदीय,

जोसेफ लुईखाम

(जोसेफ लुईखाम)
उप-सचिव (एफ0सी0आर0ए0)/सी0पी0आई0ओ0
दूरभाष 23438038

प्रति प्रेषित:

1. श्री वी0के0 राजन, उप सचिव (ई) सी0पी0आई0ओ0, गृह मंत्रालय, नॉर्थ बलॉक, नई दिल्ली को - उनके दिनांक 07/07/2014 के का0ज्ञा0 के संदर्भ में सूचनार्थ।
2. अनुभाग अधिकारी (आई0टी0 सैल), गृह मंत्रालय, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली को आर0टी0आई0 सैल के दिनांक 21/05/2014 के का0ज्ञा0 के अनुपालन में श्री उदय प्रताप यादव के आर0टी0आई0 आवेदन की एक प्रति सहित इस अनुरोध के साथ की इस आर0टी0आई0 आवेदन और उत्तर को गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करें।

RTI Matter

6/RTI/MHA/2014

5341/CR(SB)/14

1035

JS (RTI)

श्रीमान् जनसूचना अधिकारी / विदेश मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली

विषय– सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अधिन सूचना प्राप्त करने के सन्दर्भ मेः–

765/14

निवेदन है कि उदय प्रताप यादव पुत्र श्री कैलाश यादव ग्रा0 व पो0 वडुआ गोदाम तहसील सदर जनपद मऊ ( उ0 प्र0) का रहने वाला है । प्रार्थी को निम्न सूचना की आवश्यकता है।

Dy. No. 2303 /RTI Sec./2011
दिनांक/Date 17/06

(1) सूचना यह है कि विदेश मंत्रालय मे कुल सभी कितने विभाग व कार्यालय हैं उन सभी विभाग व कार्यालय के नाम व कार्यालय न0 सहीत पूरा विवरण सहीत लिखित सूचना की आवश्कता है। O&M (DS(FSP))

(2) सूचना यह है कि विदेश मंत्रालय मे कुल सभी विभाग व कार्यालय में कितने – कितने अधिकारी व कर्मचारी नियुक्त हैं तथ उन सभी अधिकारी व कर्मचारीयों के कार्य क्षेत्र क्या है और उन सभी अधिकारी व कर्मचारीयों का पूरा नाम पद नाम सहीत टेलिफोन न0 व मो0 न0 सहीत लिखित सूचना की आवश्कता है। DS(FSP), US(PB), US(PC), US(PS&FF) All Personnel Sections

(3) सूचना यह है कि भारत में विदेशी कम्पनीयों का निवेश किस विभाग की अनुमती द्वारा होता है। पूरा विवरण सहीत लिखित सूचना की आवश्कता है। MHA

(4) सूचना यह है कि भारत वर्ष में कार्य कर रहे गैर सरकारी संस्थाओं को विदेश के द्वारा अब तक कितने देशों द्वारा अनुदान दिया जा चुका है। उन संस्थाओं के पूरा नाम और कितने देशों द्वारा संस्था को अनुदान दिया गया है उनके नाम व विवरण सहीत लिखित सूचना की आवश्कता है। MHA

(5) सूचना यह है कि विदेश मंत्रालय में कुल सभी कितने अधिकारी व कर्मचारी हैं उन सबके विभाग, कार्यालय न0 पद नाम, व पूरा नाम टेलिफोन न0 ,मो0 न0, फेक्स न0 पूरा विवरण सहीत लिखित सूचना कि आवश्कता है। All personnel sec.

(6) सूचना यह है कि विदेश मंत्रालय मे गेट पास बनाने के लिए कुल सभी कितने अधिकारी व कर्मचारी नियुक्त किये गये हैं।उन सभी अधिकारी व कर्मचारी के कार्यालय नाम, काउन्टर न0 सहीत पद नाम, व पूरा नाम टेलिफोन न0 ,मो0 न0, फेक्स न0 सहीत पूरा विवरण सहीत लिखित सूचना कि आवश्कता है। MHA

(7) सूचना यह है कि किस तरह की संस्था को विदेश द्वारा अनुदान प्राप्त हो सकता है पूरा विवरण सहीत लिखित सूचना कि आवश्कता है। MHA

(8) सूचना यह हैकि विदेश से कुल सभी कितने देशों द्वारा संस्था को अनुदान दिया जाता है उन सभी देशों के पूरा नाम विवरण सहीत लिखित सूचना की आवश्यकता है। MHA

(9) सूचना यह है कि संस्था को विदेश से अनुदान लेने के लिए कौन सी योग्यता व खुबी होनी चाहिए पूरा विवरण सहीत लिखित सूचना की आवश्यकता है। MHA

(10) सूचना यह है कि संस्था को विदेश से अनुदान कैसे मिलते है और किस तरह अनुदान लिए जाते हैं । पूरा विवरण सहीत लिखित सूचना की आवश्यकता है। MHA

(11) सूचना यह है कि संस्था को विदेश से अनुदान लेने के लिए कौन – कौन से उपाय हैं। पूरा विवरण सहीत लिखित सूचना की आवश्यकता है। MHA

(12) सूचना यह है कि संस्था को विदेश में अनुदान लेने के लिए जानकारी कैसे मिलती है और किस तरह मिल सकती है। पूरा विवरण सहीत लिखित सूचना की आवश्यकता है। MHA

(13) सूचना यह है कि संस्था को विदेश मे अनुदान लेने के लिए कौन – कौन से विभाग हैं और कौन – कौन से उपाय हैं तथा जानकारी कैसे मिल सकती है। पूरा विवरण सहीत लिखित सूचना की आवश्यकता है। MHA

(14) सूचना यह है कि विदेश द्वारा कितनी संस्थाओ को अनुदान दिया जा चुका है यह जानकारी कैसे प्राप्त हो सकती है। पूरा विवरण सहीत लिखित सूचना की आवश्यकता है। MHA

अतः श्री मान जी से प्रार्थना किया जाता है कि पूरे 14 विन्दुओ की जानकारी प्रश्न व उत्तर में दिये जाय तथा समस्त विन्दु की जानकारी केवल हिन्दी भाषा में ही उपलब्ध करायी जाय और सूचना का अधिकार अधिनियम के समय सीमा के अन्दर सूचना उपलब्ध कराने की कृपा करें।

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थी गरीबी रेखा से निच जीवन यापन करनेवाला होते हुए शुल्क लगाने मे असमर्थ है। अतः गरीबी रेखा से निचे कि सायुत फोटो प्रति संलग्न किया है।

उदय प्रताप यादव

प्रार्थी
उदय प्रताप यादव
पुत्र कैलाश यादव
ग्रा0 व पो0 वडुआ गोदाम
जनपद मऊ (उ0 प्र0)

संलग्नक –
1 अन्त्योदय कार्ड सं0 26905
2 जाब कार्ड पहचान पत्र सं0 3156006005295